**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4957**
**दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मेडिकल शिक्षा की अपर्याप्त सीटें**

**4957. श्री सुशील कुमार सिंह:**
**प्रो. रीता बहुगुणा जोशी:**
**श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हा:**
**प्रो. सौगत राय:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क): देश में अवर स्नातक चिकित्सा शिक्षा सीटों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख): मेडिकल सीटों की कुल संख्या की तुलना में नीट के लिए आवेदन करने वाले छात्रों का अनुपात कितना है;

(ग): देश में सीमित मेडिकल सीटों के क्या कारण हैं और नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने में क्या बाधाएं हैं;

(घ): चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में छात्रों के विदेशों में जाने के क्या कारण हैं जिससे विदेशी मुद्रा की हानि हो रही है;

(ड.): क्या इस तरह के प्रवास का कारण भारत में चिकित्सा शिक्षा के लिए भारी फीस और पर्याप्त चिकित्सा सीटों की कमी है; और

(च): क्या सरकार का विचार चिकित्सा शिक्षा में फीस को युक्तिसंगत बनाने और बुनियादी ढांचे को विकसित करने तथा चिकित्सा शिक्षा के लिए विदेशों में छात्रों की संख्या को कम करने के लिए एमबीबीएस/बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित नीति में संशोधन करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (च) : देश में 89,875 स्नातक सीटें हैं। ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, एनईईटी स्नातक परीक्षा के लिए पंजीकरण कराने वाले और उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की कुल संख्या निम्नानुसार है: -

| | |
|---|---|
| वर्ष | 2021 |
| पंजीकृत छात्रों की संख्या | 16,14,777 |
| उत्तीर्ण छात्रों की संख्या | 8,70,074 |
| सीटों की संख्या | 89875 |

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 की धारा 10 की उप-धारा (1) के खंड (i) में निजी चिकित्सा संस्थाओं और सम विश्वविद्यालयों ,जो अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासित हैं, में पचास प्रतिशत सीटों के संबंध में शुल्क और अन्य सभी प्रभारों के निर्धारण के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का प्रावधान है । तदनुसार, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने दिशानिर्देश तैयार किए हैं और इन्हें दिनांक 03.02.2022 को जारी किया गया था।

<u>अनुलग्नक</u>

| देश में सरकारी और निजी क्षेत्र के अंतर्गत एमबीबीएस कॉलेजों (एम्स और जेआईपीएमईआर सहित) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची । | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **सरकारी कॉलेज** | **सरकारी सीटें** | **निजी कॉलेज** | **निजी सीटें** | **कुल योग कॉलेजों** | **कुल योग सीटें** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 100 | 0 | 0 | 1 | 100 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13 | 2410 | 18 | 2800 | 31 | 5210 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 50 | 0 | 0 | 1 | 50 |
| 4 | असम | 8 | 1100 | 0 | 0 | 8 | 1100 |
| 5 | बिहार | 12 | 1490 | 8 | 1050 | 20 | 2540 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 150 | 0 | 0 | 1 | 150 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 8 | 965 | 4 | 600 | 12 | 1565 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 1 | 150 | 0 | 0 | 1 | 150 |
| 9 | दिल्ली | 8 | 1222 | 2 | 200 | 10 | 1422 |
| 10 | गोवा | 1 | 180 | 0 | 0 | 1 | 180 |
| 11 | गुजरात | 17 | 3650 | 13 | 2000 | 30 | 5650 |
| 12 | हरियाणा | 5 | 710 | 7 | 950 | 12 | 1660 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 6 | 720 | 1 | 150 | 7 | 870 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 8 | 985 | 1 | 100 | 9 | 1085 |
| 15 | झारखंड | 7 | 630 | 2 | 250 | 9 | 880 |
| 16 | कर्नाटक | 19 | 2900 | 41 | 6795 | 60 | 9695 |
| 17 | केरल | 10 | 1555 | 21 | 2650 | 31 | 4205 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 14 | 2135 | 9 | 1600 | 23 | 3735 |
| 19 | महाराष्ट्र | 28 | 4630 | 31 | 4820 | 59 | 9450 |
| 20 | मणिपुर | 2 | 225 | 1 | 150 | 3 | 375 |
| 21 | मेघालय | 1 | 50 | 0 | 0 | 1 | 50 |
| 22 | मिजोरम | 1 | 100 | 0 | 0 | 1 | 100 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | ओडिशा | 9 | 1350 | 4 | 750 | 13 | 2100 |
| 24 | पुद्दुचेरी | 2 | 380 | 7 | 1150 | 9 | 1530 |
| 25 | पंजाब | 5 | 750 | 6 | 800 | 11 | 1550 |
| 26 | राजस्थान | 17 | 3030 | 9 | 1650 | 26 | 4680 |
| 27 | सिक्किम | 0 | 0 | 1 | 150 | 1 | 150 |
| 28 | तमिलनाडु | 37 | 5175 | 32 | 5250 | 69 | 10425 |
| 29 | तेलंगाना | 11 | 1790 | 23 | 3550 | 34 | 5340 |
| 30 | त्रिपुरा | 1 | 125 | 1 | 100 | 2 | 225 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 35 | 4178 | 32 | 4500 | 67 | 8678 |
| 32 | उत्तराखंड | 4 | 525 | 2 | 300 | 6 | 825 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 20 | 3150 | 7 | 1000 | 27 | 4150 |

*****